भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2815
सोमवार, 07 अगस्त, 2023/16 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तेलंगाना में प्रसाद योजना के अंतर्गत आवंटित निधि

†2815. श्री अरविंद धर्मापुरी:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तीर्थ यात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई कुल निधि का तेलंगाना सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने राज्य सरकार, जिसने अभी तक निधि का उपयोग नहीं किया है, को कोई अधिसूचना/निदेश जारी किए हैं;

(ग) सरकार द्वारा निधि का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या तेलंगाना सरकार को राज्य सरकार से प्रसाद योजना में पर्यटन स्थलों को जोड़ने हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ) पर्यटन अवसंरचना विकास की जिम्मेदारी मुख्यतः संबंधित राज्य सरकार (एसजी)/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन (यूटी) की है, तथापि, पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) अपनी 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) योजना के अंतर्गत तीर्थ स्थलों सहित पर्यटक गंतव्यों पर अवसंरचना विकास के लिए एसजी/(यूटी) को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। योजना के तहत विकास के लिए परियोजना की पहचान संबंधित एसजी/ यूटी के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों का अनुपालन, जारी परियोजनाओं की स्थिति, पूर्व में जारी की गई निधियों का उपयोग आदि के अध्याधीन स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत परियोजनाओं की प्रस्तुति, उनका अनुमोदन, निधियों का उपयोग और निधियों का निर्गमन एक सतत् प्रक्रिया है।

प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, पर्यटन मंत्रालय ने प्रसाद योजना के तहत तेलंगाना राज्य में 03 परियोजनाओं सहित देश में 46 परियोजनाओं को अनुमोदित किया है, जिसका ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

*******

अनुबंध

तेलंगाना में प्रसाद योजना के अंतर्गत आवंटित निधि के संबंध में दिनांक 07.08.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2815 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय की 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं, अनुमोदित, जारी और उपयोग की गई राशि का राज्य-वार ब्यौरा।

(करोड़ रु. में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | जारी की गई राशि | उपयोग की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1 | अमरावती शहर, गुंटूर जिले का एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास ** | 2015-16 | 27.77 | 27.77 | 27.77 |
| | 2 | श्रीशैलम मंदिर का विकास ** | 2017-18 | 43.08 | 43.08 | 43.08 |
| | 3 | विशाखापट्टनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम | 2022-23 | 54.04 | 0.00 | 0.00 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4 | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास। | 2020-21 | 37.88 | 14.68 | 7.32 |
| असम | 5 | गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर और इसके आसपास तीर्थ स्थल का विकास। ** | 2015-16 | 29.80 | 29.80 | 29.80 |
| बिहार | 6 | पटना साहिब में विकास** | 2015-16 | 41.54 | 33.23 | 31.47 |
| | 7 | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में अवसंरचना सुविधाओं का विकास ** | 2014-15 | 4.27 | 2.91 | 2.91 |
| छत्तीसगढ़ | 8 | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव जिला, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 | 31.13 | 17.43 |
| गुजरात | 9 | द्वारका का विकास ** | 2016-17 | 13.08 | 10.46 | 10.46 |
| | 10 | सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास ** | 2016-17 | 45.36 | 45.36 | 45.36 |
| | 11 | सोमनाथ में सैरगाह का विकास ** | 2018-19 | 47.12 | 47.12 | 47.12 |
| | 12 | सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर सहित तीर्थ यात्री प्लाजा का | 2021-22 | 49.97 | 0.00 | 0.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विकास | | | | |
| | 13 | अंबाजी मंदिर, बनासकांठा, गुजरात में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 10.54 | 0.00 |
| हरियाणा | 14 | पंचकुला जिले में माता मनसा और नाडा साहेब गुरुद्वारा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 | 28.77 | 28.77 |
| जम्मू और कश्मीर | 15 | हजरतबल दरगाह, श्रीनगर में विकास | 2016-17 | 40.46 | 34.30 | 32.04 |
| झारखंड | 16 | बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास ** | 2018-19 | 39.13 | 31.23 | 31.23 |
| कर्नाटक | 17 | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरु में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 | 0.00 | 0.00 |
| केरल | 18 | गुरुवायूर मंदिर में विकास ** | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 19 | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 4.86 | 4.86 |
| | 20 | ओंकारेश्वर का विकास ** | 2017-18 | 43.93 | 43.93 | 43.93 |
| महाराष्ट्र | 21 | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 2017-18 | 52.92 | 29.85 | 29.78 |
| मेघालय | 22 | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.32 | 24.92 | 16.19 |
| मिजोरम | 23 | मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 | 0.00 | 0.00 |
| नागालैंड | 24 | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 | 21.33 | 16.98 |
| | 25 | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 5.45 | 2.20 |
| ओडिशा | 26 | मेगा सर्किट के तहत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देउली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास # | 2014-15 | 50.00 | 10.00 | 0.00 |
| पंजाब | 27 | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास ** | 2015-16 | 6.40 | 6.40 | 6.40 |
| | 28 | पंजाब के रोपड़ में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 17.49 | 7.26 |
| राजस्थान | 29 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 | 33.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सिक्किम | 30 | चार संरक्षक संतों, युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 28.30 | 18.21 |
| तमिलनाडु | 31 | कांचीपुरम का विकास ** | 2016-17 | 13.99 | 13.99 | 13.99 |
| | 32 | वेलनकन्नी का विकास ** | 2016-17 | 4.86 | 4.86 | 4.86 |
| तेलंगाना | 33 | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 | 13.76 | 18.52 |
| | 34 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 0.00 | 0.00 |
| | 35 | भद्राचलम,भद्राद्री कोठागुडम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | 0.00 | 0.00 |
| त्रिपुरा | 36 | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.80 | 25.63 | 21.18 |
| उत्तर प्रदेश | 37 | वाराणसी का विकास - चरण -1 ** | 2015-16 | 18.72 | 18.73 | 18.74 |
| | 38 | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) ** | 2014-15 | 10.98 | 10.98 | 10.98 |
| | 39 | गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन ** | 2017-18 | 9.02 | 9.02 | 9.02 |
| | 40 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण ** | 2014-15 | 9.36 | 9.36 | 9.36 |
| | 41 | वाराणसी का विकास – चरण-II ** | 2017-18 | 44.60 | 31.77 | 31.77 |
| | 42 | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 | 30.97 | 28.31 |
| उत्तराखंड | 43 | केदारनाथ का एकीकृत विकास ** | 2015-16 | 34.77 | 34.77 | 34.77 |
| | 44 | बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 | 20.79 | 19.15 |
| | 45 | तीर्थयात्रा अवसंरचना तथा गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में सुविधाओं का संवर्धन | 2021-22 | 54.36 | 14.06 | 14.06 |
| पश्चिम बंगाल | 46 | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 | 22.83 |

** परियोजनाएं पूर्ण # कार्य सीमा तक परियोजना पूर्ण घोषित

*******